# TRANSITIONAL CURRICULUM 2022-23

## VCAS, BIJNOR






# विवेक कॉलेज में आयुर्विद्यारंभ महोत्सव का किया शुभारंभ

## आयुर्विद्यारम्भ महोत्सव में बीएएमएस के नवागंतुक छात्रों का शिक्षण कार्य शुरू

● जनवाणी संवाददाता, बिजनौर

**विवेक** कॉलेज ऑफ आयुर्वेदिक साइंसेज एण्ड हॉस्पिटल, बिजनौर की बीएएमएस प्रथम वर्ष के छात्र/छात्राओं ने आयुर्विद्यारंभ महोत्सव में अपनी शिक्षा का शुभारंभ किया। आयुष मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार बीएएमएस प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने वाले नव आगंतुक छात्र-छात्राओं के लिये 15 दिवसीय आयुर्विद्यारंभ महोत्सव का शुभारंभ भगवान धन्वंतरी के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर किया गया। दीप प्रज्जवलन कॉलेज के चेयरमैन अमित गोयल, सचिव दीपक मित्तल, कोषाध्यक्ष धमेन्द्र अग्रवाल, डा. राजीव चौधरी, प्राचार्य वैद्य संदीप अग्रवाल ने किया। कॉलेज के चतुर्थ वर्ष के छात्र/छात्राओं द्वारा धन्वंतरी वंदना का गायन किया गया।

प्रथम दिन छात्रों को महाविद्यालय के नियमों तथा कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया। सभी नव आगंतुक छात्र-छात्राओं को प्रबन्धन समिति द्वारा उपहार स्वरूप वितरित किए गये। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे वैद्य संदीप अग्रवाल ने छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुये कहा कि आज आयुर्वेद पद्धति को सारा विश्व अपना रहा है। भविष्य आयुर्वेद का है। इसलिये आज छात्र-छात्राओं को इसका गहन अध्ययन करने की आवश्यकता है।



बिजनौर विवेक कॉलेज में उपस्थित अतिथि।

उन्होंने आयुर्वेद में भविष्य की उज्जवल संभावनाओं की विस्तार पूर्वक व्याख्या की तथा नवागंतुक विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं को शांत किया। महाविद्यालय के चेयरमैन अमित गोयल ने बताया कि इस कार्यक्रम के द्वारा नव आगंतुक छात्र-छात्राओं में एक उत्साह का सृजन हुआ एवं भविष्य में श्रेष्ठ चिकित्सक बनकर समाज को आयुर्वेद को एक नये आयाम तक पहुंचाने के लिये प्रेरणा मिली। डा. राजीव चौधरी ने महाविद्यालय के नियमों के बारे में नव आगंतुक छात्र-छात्राओं को अवगत कराया।

कार्यक्रम के मंच का संचालन डा. संतोष गुप्ता, डा. प्रीति ने किया। डा. देवाशीष ने आयुर्वेद में भविष्य की उज्जवल संभावनाओं की विस्तार पूर्वक व्याख्या की। उन्होंने बताया कि आज के समय में आयुर्वेद विश्व पटल पर अपनी पहचान बना रहा है। महाविद्यालय में केवल मेडिकल की शिक्षा अपितु अन्य विधाओं की भी विस्तार पूर्वक जानकारी दी जायेगी। उन्होंने बताया कि छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए कॉलेज प्रत्येक पल प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम की आयोजन समिति डा. आधार, डा. नृपेन्द्र आर्य, की अहम भूमिका रही। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में आयुर्वेद डा. राजीव, डा. सुजीत कुमार का विशेष योगदान रहा। डा. कुसुम, डा. एमपी सिंह, डा. मुरारी, डा. रोशनी एवं अन्य सभी शिक्षक उपस्थित रहे।


व्यक्ति अपने गुणों से ऊपर उठता है
ऊँचे स्थान पर बैठने से ऊँचा नहीं हो जाता है।
मनुष्य की पहचान उसके कपड़ो से नहीं अपितु
उसके चरित्र से आंकी जाती है।
आप अपना भविष्य नहीं बदल सकते, पर अपनी आदतें तो बदल सकते हैं,
और बदली हुई आदतें आपका भविष्य बदल देंगी।




व्यक्ति अपने गुणों से ऊपर उठता है
ऊँचे स्थान पर बैठने से ऊँचा नहीं हो जाता है।
मनुष्य की पहचान उसके कपड़ो से नहीं अपितु
उसके चरित्र से आंकी जाती है।
आप अपना भविष्य नहीं बदल सकते, पर अपनी आदतें तो बदल सकते हैं,
और बदली हुई आदतें आपका भविष्य बदल देंगी।


आयुर्वेद


VIVEK


VIVEK
देश का सम्मान

# कॉलेज में धूमधाम से मनाया विज्ञान दिवस

## नव आगंतुक छात्रों को दी आयुर्वेद के मूलभूत सिद्धांतों की जानकारी

● जनवाणी संवाददाता, बिजनौर

विवेक कॉलेज ऑफ आयुर्वेदिक साइंसेज एंड हॉस्पिटल, बिजनौर में आयुष मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार बीएएमएस प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने वाले नव आगंतुक छात्र-छात्राओं के लिये 15 दिवसीय आयुर्विद्यारंभ महोत्सव के आठवें दिन का शुभारंभ भगवान धन्वतंरी के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर किया गया। वहीं विवेक कॉलेज में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस भी मनाया गया।

विवेक कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में दीप प्रज्जवलन मुख्य अतिथि डा. नंदकिशोर एसो. प्रोफेसर/विभागाध्यक्ष क्रिया शारीर विभाग, उत्तराखंड आयुर्वेद विश्वविद्यालय, देहरादून एवं प्राचार्य वैद्य संदीप अग्रवाल ने किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के द्वारा छात्र-छात्राओं को आयुर्वेद के मूलभूत तत्व एवं मूलभूत सिद्धांतो के महत्व पर प्रकाश डालते हुये आयुर्वेद को पूर्ण रूप से जीवन में उतारने के लिए और उससे होने वाले लाभ के बारे में बताया। इस कार्यक्रम के द्वारा नव आगंतुक छात्र-छात्राओं में एक उत्साह का सृजन हुआ, एवं भविष्य में श्रेष्ठ चिकित्सक बनकर समाज में आयुर्वेद को एक नये आयाम तक पहुंचाने के लिये प्रेरणा मिली। कार्यक्रम के मंच का संचालन डा. संतोष गुप्ता ने किया। कार्यक्रम की आयोजन समिति डा. देवाशीष,डा. आरपी सिहं, डा. अवधेश बरनवाल की अहम भूमिका रही। कार्यक्रम के अन्त में प्राचार्य वैद्य संदीप अग्रवाल ने मुख्य अतिथियों को सम्मानित किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में आयुर्वेद कॉलेज के मीडिया प्रभारी डा. राजीव, डा. शंभु प्रसाद पटेल, डा. सुजीत का विशेष योगदान रहा।






### विज्ञान दिवस पर विवेक कॉलेज में प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

विवेक कॉलेज ऑफ एजूकेशन के विज्ञान विभाग में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2023 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्विज प्रतियोगिता तथा संभाषण प्रतियोगिताएं सम्पन्न हुई। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस आयोजन के इस वर्ष में केन्द्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय की थीम वैश्विक खुशहाली के लिए वैश्विक विज्ञान पर यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। विज्ञान विभाग को चार टीमों में बांटा गया जिनके नाम महान वैज्ञानिको आर्यभटट, भास्कराचार्य, बरहामिहिर व श्रीधराचार्य के नामों पर रखे गये।

संभाषण प्रतियोगिता में जोया ने प्रथम सैफाली राय ने द्वितीय तथा सृष्टि त्यागी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। क्विज प्रतियोगिता में आर्यभटट टीम विजेता तथा बरहामिहिर टीम उपविजेता रही। कार्यक्रम का शुभारंभ

## वीरा इंजीनियरिंग कॉलेज में मनाया राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

● जनवाणी संवाददाता, बिजनौर

जिले के कुंवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड मैनेजमेंट बिजनौर में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कॉलेज ऑडिटोरियम में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कॉलेज के अनेक छात्र, छात्राओं एवं फैकल्टी सदस्यों ने प्रतिभाग किया।

वीरा कॉलेज में सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि प्रो. पीके गर्ग आईआईटी रुड़की व संस्था निदेशक प्रो. डा. अमित कुमार बंसल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया। मुख्य अतिथि प्रो. पीके गर्ग ने समस्त प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए बताया कि भारत में हर साल 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है। नेशनल साइंस डे 2023 की थीम वैश्विक



भलाई के लिए वैश्विक विज्ञान रखी गई है। नेशनल साइंस डे इसलिए मनाया जाता है क्योंकि 28 फरवरी 1928 को महान भारतीय वैज्ञानिक सर सीवी रमन ने इफेक्ट की खोज की थी, जिसे रमन इफेक्ट नाम से भी जाना जाता है। इस अवसर पर कॉलेज में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमे समस्त ब्रांचो (बायोटेक्नालजी इंजीनियरिंग, कम्प्युटर साइन्स इंजीनियरिंग, मेकनिकल इंजीनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग के छात्र-छात्राओं द्वार प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए गए जिनकी अतिथियों द्वार सराहना की गई। इस अवसर पर डीन एकडेमिक्स मनोज कुशवाह, कार्यक्रम इंचार्ज डा. लोकेश कुमार अग्रवाल, सुनील भारद्वाज, विमल कुमार, श्वेता गौड़, कुलवेन्द्र सिंह, एनपीएस भण्डारी, आदि रहे।

कालिज के सचिव इं. दीपक मित्तल, कोर्डिनेटर डा. हितेश शर्मा, प्राचार्य डा. संजय कुमार त्यागी एवं विभागाध्यक्ष डा. मीना चौधरी ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती पूजन के साथ किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विपुल अग्रवाल, सार्थक गुप्ता, मीतू राजपूत, डा. पीयूष कुमार, सौरभ कुमार, डा. विनेश कुमार, ऋचा चौधरी, सोनम राजपूत, कोनन हैदर आदि रहे।

www.vidhankesari.com

बुधवार, 01 मार्च 2023

4

# नव आगंतुक छात्रों को दी आयुर्वेद के मूलभूत सिद्धांतो की जानकारी




**बिजनौर (विधान केसरी)।** विवेक कॉलेज ऑफ आयुर्वेदिक साइंसेज एण्ड हॉस्पिटल, बिजनौर में आयुष मंत्रालय भारत सरकार के निदेर्शानुसार बीएएमएस प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने वाले नव आगंतुक छात्र–छात्राओं के लिये 15 दिवसीय आयुर्विद्यारंभ महोत्सव के 8वें दिन का शुभारंभ भगवान धन्वतंरी के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर किया गया। दीप प्रज्जवलन मुख्य अतिथि डा. नंदकिशोर एसो. प्रोफेसर/विभागाध्यक्ष क्रिया शारीर विभाग, उत्तराखण्ड आयुर्वेद विश्वविद्यालय, देहरादून एवं प्राचार्य वैद्य संदीप अग्रवाल ने किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के द्वारा छात्र/छात्राओं को आयुर्वेद के मूलभूत तत्व एवं मूलभूत सिद्धांतो के महत्व पर प्रकाश डालते हुये आयुर्वेद को पूर्ण रूप से जीवन में उतारने के लिए और उससे होने वाले लाभ के बारे में बताया। इस कार्यक्रम के द्वारा नव आगंतुक छात्र/छात्राओं में एक उत्साह का सृजन हुआ, एवं भविष्य में श्रेष्ठ चिकित्सक बनकर समाज में आयुर्वेद को एक नये आयाम तक पहुँचाने के लिये प्रेरणा मिली। कार्यक्रम के मंच का संचालन डा. संतोष गुप्ता ने किया। कार्यक्रम की आयोजन समिति डा. देवाशीष, डा. आरपी सिहं, डा. अवधेश बरनवाल की अहम भूमिका रही। प्राचार्य वैद्य संदीप अग्रवाल ने मुख्य अतिथियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आयुर्वेद कॉलेज के मीडिया प्रभारी डा. राजीव, डा. शंभु प्रसाद पटेल, डा. सुजीत कुमार का विशेष योगदान रहा।